**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांकः 13.05.** **समय : 18.30 पीएम**

- **केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने खरीफ विपणन सीजन 2026–27 के लिए 14 फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी को मंजूरी दी।**
- **सीबीएसई ने बारहवीं कक्षा के तीनों संकायों का परीक्षा परिणाम जारी किया–नतीजों में छात्राओं ने एक बार फिर बाज़ी मारी।**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–यमुना का पानी पाइपलाइन के जरिए राजस्थान लाने के लिए समय सीमा तय की गई।**
- **प्रदेश के पश्चिमी और दक्षिण–पूर्वी जिलों में प्रचंड गर्मी से जनजीवन प्रभावित–फलौदी और जैसलमेर में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचा।**

000

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सीजन 2026–27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी में बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में मीडिया को बताया कि सरकार ने किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इस खरीफ सीजन के लिए किसानों को करीब दो लाख साठ हजार करोड रुपये का भुगतान किया जाएगा।

...............

श्री वैष्णव ने बताया कि सबसे अधिक 622 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी सूरजमुखी के बीजों के लिए की गई है। इसके अलावा कपास के दाम 557 रुपये और तिल के 500 रुपये प्रति क्विंटल बढाये गये हैं। नई दरों के अनुसार ग्रेड–ए धान का समर्थन मूल्य 2 हजार 461 रुपये, हाइब्रिड ज्वार का 4 हजार 23 रुपये और बाजरा का 2 हजार 900 रुपये प्रति क्विंटल होगा। अरहर दाल के लिए आठ हजार 450 रुपये प्रति क्विंटल एम–एस–पी तय की गई है। इस सीजन में सरकार द्वारा 824 लाख मीट्रिक टन से अधिक फसल की खरीद का अनुमान है।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने साढे 37 हजार करोड रुपये की लागत से कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं के लिये संवर्द्धन योजना को भी मंजूरी दी है। श्री वैष्णव ने बताया कि यह योजना भारत के कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण कार्यक्रम को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

000

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने आज बारहवीं कक्षा के तीनों संकायों का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। देशभर में कुल 85 दशमलव दो–शून्य प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। परीक्षा परिणामों में एक बार फिर लड़कियों ने बाज़ी मारी है। छात्राओं का नतीजा 88 दशमलव आठ–छह प्रतिशत रहा, जबकि छात्रों का परिणाम लगभग 82 फीसद रहा। बोर्ड के अनुसार, विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय की इन परीक्षाओं में 17 लाख 68 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 15 लाख 7 हजार से अधिक बच्चे सफल रहे हैं। वहीं, अजमेर रीजन का कुल परीक्षा परिणाम 86 दशमलव सात–आठ प्रतिशत रहा है। यहां 88 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने ये परीक्षा दी थी, जिसमें से 76 हजार 469 विद्यार्थी सफल हुए हैं।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने विश्वास जताया है कि कृषि शिक्षा के जरिए देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। वे आज कोटा में कृषि विश्वविद्यालय के नौवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री बागडे ने कहा कि किसानों को उन्नत बीज और नई तकनीक से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया। राज्यपाल ने युवाओं से स्वरोजगार अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कृषि क्षेत्र में ड्रोन, एआई और स्टार्टअप्स जैसे नवाचारों को अपनाने को कहा। दीक्षांत समारोह में 358 विद्यार्थियों को डिग्रियां और 14 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। राज्यपाल ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय की नई प्रयोगशालाओं और अकादमिक भवनों का लोकार्पण भी किया।

000

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने कई आगामी भर्ती परीक्षाओं के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। नए परीक्षा कैलेंडर के अनुसार वनपाल सीधी भर्ती परीक्षा–2026 का आयोजन आगामी 28 जून को किया जाएगा। वहीं, लिपिक ग्रेड–द्वितीय और कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा–2025, 5 जुलाई को होगी। बोर्ड ने पर्यवेक्षक महिला सीधी भर्ती परीक्षा–2026 की तारीख में आवश्यक कारणों से बदलाव किया है। अब यह परीक्षा 24 जुलाई को आयोजित की जाएगी। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि पिछले कैलेंडर में दी गई अन्य परीक्षाओं की तारीखें यथावत रहेंगी।

000

राज्य पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप–एस.ओ.जी. ने प्राध्यापक भर्ती परीक्षा–2022 में फर्जीवाड़ा और रिकॉर्ड में हेरफेर करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपितों में मुख्य अभियुक्त राजेश कुमार और राजस्थान लोक सेवा आयोग का कर्मचारी मान सिंह शामिल है। जांच में सामने आया है कि राजेश ने अपनी जगह डमी अभ्यर्थी बैठाकर परीक्षा पास कर नियुक्ति प्राप्त की थी। बाद में उसने आयोग के रिकॉर्ड में फोटो बदलने के लिए मानसिंह से आठ लाख रुपये में सौदा किया। एसओजी ने राजेश को इस महीने की 18 तारीख तक पुलिस रिमांड पर लिया है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि यमुना जल समझौते को लेकर हरियाणा सरकार के साथ महत्वपूर्ण सहमति बनी है। उन्होंने आज नई दिल्ली में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक के बाद श्री शर्मा ने मीडिया को बताया कि यमुना का पानी पाइपलाइन के जरिए राजस्थान लाने के लिए समय सीमा तय कर दी गई है।

...............

बैठक के बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि किशाऊ बांध परियोजना के काम में तेजी लाने पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस बांध के बनने से हरियाणा, राजस्थान तथा दिल्ली में पानी की समस्या का स्थाई समाधान होगा।

000

राज्य सरकार ने एक जिला–एक उत्पाद नीति के तहत पांच जिलों के लिए 18 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें दौसा, चूरू, डीडवाना–कुचामन, फलौदी और बालोतरा के जिला उत्पाद शामिल हैं। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में आज जयपुर में हुई बैठक में परियोजनाओं के पहले चरण के लिए 10 करोड़ 76 लाख रुपये जारी किए गए। इस राशि से दौसा और डीडवाना–कुचामन में पत्थर उद्योग, चूरू में लकड़ी उत्पाद, फलौदी में सोनामुखी भंडारण और बालोतरा में टैक्सटाइल डिजिटल प्रिंटिंग के लिए आधुनिक केंद्र और लैब स्थापित किए जाएंगे। इससे स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता सुधारकर उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाया जाएगा। मुख्य सचिव ने आज ही स्वायत्त शासन विभाग और पीएचईडी के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अमृत 2.0 योजना के तहत प्रदेश के शहरों में संचालित सीवरेज और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

000

राज्य में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधियों पर नियंत्रण के लिए पुलिस मुख्यालय की ओर से दो दिन का सघन नाकाबंदी अभियान चलाया गया। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर आयोजित इस अभियान के तहत 727 स्थानों पर बड़ी संख्या में वाहनों की कड़ी जांच की गई। अतिरिक्त महानिदेशक वी–के–सिंह ने बताया कि इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने के वाले सात हजार से अधिक लोगों के चालान किए गए।

000

प्रदेशभर में इन दिनों डिजिटल जनगणना–2027 को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज भीलवाड़ा में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु ने स्वगणना कर लोगों को इसके लिए प्रेरित किया। शहर में जगह–जगह **हमारी जनगणना–हमारा अधिकार** जैसे नारों वाले पोस्टर लगाकर लोगों को इस अभियान से जुड़ने के लिए जागरुक किया जा रहा है। वहीं झुंझुनू में आज प्रगणकों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए।

000

प्रदेश के उत्तर–पश्चिमी और पूर्वी भागों में पड़ रही प्रचंड गर्मी से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। आज जैसलमेर, बाड़मेर, बालोतरा और बीकानेर जिले लू की चपेट में रहे। मौसम विभाग के अनुसार आज फलौदी सबसे गर्म स्थान रहा, जहां पारा 46 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस मापा गया। जैसलमेर में दिन का तापमान 46 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। वहीं बाड़मेर, बीकानेर और चित्तौड़गढ़ में पारा 45 डिग्री के पार पहुंच गया। जिला मुख्यालयों सहित कस्बों में दोपहर के समय बाजार सूने नजर आए। राजधानी जयपुर में भी लू जैसे हालात रहे। कई स्थानों पर प्रशासन ने सड़कों पर पानी का छिडकाव करवाया। मौसम केन्द्र जयपुर ने सीमावर्ती जिलों के लिए कल भी भीषण लू का रेड अलर्ट जारी किया है। साथ ही कई जिलों के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट रहेगा। इस बीच, कई उत्तर–पूर्वी जिलों में आज भी आंधी–बारिश की गतिविधियां हुईं।

000

झुंझुनूं जिले में मिलावटखोरी के खिलाफ चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई में बड़ी संख्या में खाद्य पदार्थों के नमूने अमानक पाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि पिछले साल जनवरी से इस वर्ष 2026 तक जिले में विशेष अभियान के तहत कुल 837 सैंपल लिए गए थे। इन सैंपल्स में से 223 सैंपल निर्धारित गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं।

000

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय कल नई दिल्ली में अल्पसंख्यक कल्याण–विकसित भारत के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करेगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य समावेशी शासन को मजबूत करना, नीतिगत पहुंच बढाना और पूरे देश में अल्पसंख्यक समुदायों के लिए प्रौद्योगिकी आधारित कल्याणकारी उपायों को बढावा देना है। यह सम्मेलन योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यक समुदाय तक पहुंचाने के लिए विचार विमर्श को बढावा देगा।

000